कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

वाहन शाखा - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक कोरबा, (छ.ग.)

दुरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759-221929, पो.बाक्स नं. 12 पिन कोड -495677

Website : WWW. Korbamunicipal.in, **Email** : Mck.Vehiclesectiion@gmail.com

फा.क./21/वाहन/2015-16 कोरबा, दिनांक ....

चतुर्थ नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, कोरबा के अधिनस्थ निष्प्रयोजित वाहनों की बिक्री के लिए नगर पालिक निगम, कोरबा कार्यालय साकेत में दिनांक 16.06.15 को अपरान्ह 3:00 बजे तक बंद लिफाफे में ऑफर आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिवस 4.00 बजे शाम को उपस्थित ऑफरकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि नगद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से नीलामी तिथि के एक दिवस पूर्व निगम कोष में जमा करते हुए नीलामी में भाग ले सकते है, मुहर बंद ऑफर निम्न शर्तो के अधीन प्रस्तुत करना होगा :-

क.	पंजीयन कमांक	वाहन का नाम	ऑफसेट प्राईज	कय वर्ष	डी.डी. 15% अमानत राशि
1	सी.जी. 12 जेड डी -0289	टाटा सुमो	रू. 27000.00	1997	4100.00
2	सी.जी. 12 जेड डी -0292	मारूति जिप्सी	रू. 43,642.00	1995	6600.00
3	सी.जी. 12 जेड सी -2360	जे.सी.बी. मशीन	रू. 2,05,000.00	1998	30800.00
4	सी.जी. 12 जेड एल -0206	जे.सी.बी. मशीन	रू. 2,27,965.00	1999	34200.00
5	रोड रोलर	नम्बर 01	रू. 1,05,000.00	1978	15800.00
6	रोड रोलर	नम्बर 02	रू. 1,07,000.00	1979	16100.00
7	रोड रोलर	नम्बर 03	रू. 1,09,000.00	1985	16400.00

नीलामी की शर्ते :-

1. इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि नगद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से उपरोक्त कार्य हेतु नाम के सम्मुख अंकित राशि नीलामी तिथि के एक दिवस पूर्व सायं 5.00 बजे तक अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा में जमा किया जा सकता है।
2. ऑफर मुहर बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से ही स्वीकार किए जावेंगे। निर्धारित तिथि को दोपहर 3.00 बजे के पश्चात प्राप्त ऑफर स्वीकार नही की जावेगी।
3. प्रत्येक वाहन हेतु पृथक-पृथक ऑफर एवं पृथक-पृथक अमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा।
4. इच्छुक केता वाहनों का अवलोकन नगर पालिक निगम, कोरबा की कर्मशाला में कार्यालयीन दिवस एवं समय में किया जा सकेगा।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

वाहन शाखा - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक कोरबा, (छ.ग.)

दूरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759-221929, पो.बाक्स नं. 12 पिन कोड -495677

Website : WWW. Korbamunicipal.in, **Email** : Mck.Vehiclesectiion@gmail.com

5. ऑफर के पूर्व वाहन जहॉं है जिस स्थिति में है अवलोकन कर आश्वस्त होकर ही ऑफर देवें। ऑफर खोलने के उपरान्त किसी भी प्रकार की शिकायत मान्य नही होगी।
6. उच्चतम अथवा यथोचित ऑफर ही स्वीकार किये जावेगें अन्यथा वाहन पुनः नीलामी हेतु नगर पालिक निगम, कोरबा स्वतंत्र रहेगा।
7. उच्चतम ऑफरकर्ता को स्वीकृति उपरान्त सात दिवस के भीतर प्राप्त उच्चतम दर की संपूर्ण राशि नगर पालिक निगम कोष में जमा उपरान्त वाहन का आधिपत्य प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा अमानत राशि निगम के पक्ष में राजसात कर पुनः नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।
8. नीलामी अस्वीकृति होने की स्थिति में धरोहर राशि आयुक्त, नगर पालिक निगम के आदेशोपरान्त संबंधित को वापस की जावेगी।
9. नीलामी की द्वितीय अधिकतम ऑफर वाले निविदाकार की अमानत राशि वाहन विक्रय के उपरान्त वापस की जावेगी।
10. उच्चतम ऑफरकर्ता द्वारा जमा अमानत राशि स्वीकृति ऑफर की संपूर्ण राशि जमा करने के पश्चात् ही वापस की जावेगी।
11. उच्चतम् ऑफर स्वीकृति होने की दशा में वाहन जहॉं है जिस स्थिति में है उसी स्थिति में स्वयं के व्यय से ले जाना होगा।
12. आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी निविदा को बिना बताए अस्वीकृत कर सकते है।

13 विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)